# मध्य पश्चिम में पूर्वेक्षण

विक्टोरिया सरकार विक्टोरिया के मध्य पश्चिम क्षेत्र में 75,000 हेक्टेयर से भी अधिक क्षेत्रफल के नए पार्कों और अभ्यारण्यों (रिज़र्व) का निर्माण कर रही है, जिसमें तीन नए राष्ट्रीय उद्यान शामिल हैं।

## मध्य पश्चिम में पूर्वेक्षण

विक्टोरियावासी पूर्वेक्षण करने के लिए पूरे राज्य-भर में 3.1 मिलियन हेक्टेयर के राजकीय वनों के साथ-साथ अन्य सार्वजनिक भूमि के अधिकांश हिस्सों में जा सकते हैं।

विक्टोरिया सरकार मध्य पश्चिम विक्टोरिया में 75,000 हेक्टेयर से भी अधिक क्षेत्रफल के नए पार्क और अभ्यारण्य (रिज़र्व) बना रही है, जिनमें तीन नए राष्ट्रीय उद्यान शामिल हैं।

पूर्वेक्षकों के लिए इसका अर्थ यह है कि विक्टोरिया के मध्य पश्चिम इलाके में 49,000 हेक्टेयर से भी अधिक क्षेत्रफल की सार्वजनिक भूमि में मनोरंजनात्मक पूर्वेक्षण के अवसर बने रहेंगे ।

मनोरंजनात्मक पूर्वेक्षण स्थलों में प्रबंधन नियोजन के अधीन राजकीय वन, ग्रामीण इलाकों में स्थित पार्क, बुशलैंड अभ्यारण्य (रिज़र्व) और ऐतिहासिक अभ्यारण्य (रिज़र्व) शामिल हैं।

वेल्सफोर्ड क्षेत्र में बेंडिगो क्षेत्रीय पार्क का विस्तार किए जाने से पूर्वेक्षक इस क्षेत्र में गतिविधियों का आनंद उठाना जारी रख पाएँगे।

- विक्टोरिया सरकार मानती है कि पूर्वेक्षण करना हमारे इतिहास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है एवं यह पूरे मध्य पश्चिम अन्वेषण (Central West Investigation) क्षेत्र में महत्वपूर्ण मनोरंजनात्मक गतिविधि बना हुआ है।
- पूरे अन्वेषण क्षेत्र में स्थित राजकीय वनों, ग्रामीण इलाकों में स्थित पार्कों, बुशलैंड अभ्यारण्यों (रिज़र्व) और ऐतिहासिक अभ्यारण्यों (रिज़र्व) में मनोरंजनात्मक पूर्वेक्षण के अवसर बने रहेंगे।
- नए और विस्तारित क्षेत्रीय पार्क अनेकानेक मनोरंजनात्मक गतिविधियाँ प्रस्तुत करते हैं, जिनमें पूर्वेक्षण भी शामिल है।
- ये ग्रामीण कस्बों तथा ऐसे स्थानों के निकट स्थित हैं, जहां मनोरंजनात्मक पूर्वेक्षण और अन्य गतिविधियाँ पहले से ही होती हैं।
- विक्टोरियावासियों के लिए उपलब्ध पूर्वेक्षण स्थलों में कुछ परिवर्तन तो होंगे, किंतु ये नए राष्ट्रीय पार्कों की स्थापना से पहले प्रभावी नहीं होंगे।
- पृथ्वी संसाधन विनियमन (Earth Resources Regulation) ने एक मनोरंजनात्मक पूर्वेक्षण मार्गदर्शिका (Recreational Prospecting Guide) विकसित की है, जिसका उद्देश्य नए आने वाले लोगों को आसान

सुझाव देना, और साथ ही अधिक अनुभव वाले लोगों को इस बारे में समझाना है कि पूर्वेक्षण कहाँ किया जा सकता है, कौन से उपकरणों का प्रयोग किया जा सकता है और सही तरीके से गतिविधियाँ कैसे की जानी चाहिए। निर्देशिका यहाँ से प्राप्त की जा सकती है।

## वेल्सफोर्ड ब्लॉक

बेंडिगो क्षेत्रीय पार्क में लगभग 7,000 हेक्टेयर का अतिरिक्त क्षेत्रफल जोड़ने से आगंतुक कई गतिविधियों का आनंद उठाना जारी रख पाएँगे, जिसमें मनोरंजनात्मक पूर्वेक्षण भी शामिल है।

## वॉम्बैट-मैसेडॉन ब्लॉक

इस ब्लॉक में लगभग 24,000 हेक्टेयर के समग्र क्षेत्रफल के साथ छह नए और विस्तारित क्षेत्रीय पार्क स्थित हैं, जो मनोरंजनात्मक पूर्वेक्षण के अवसर प्रदान करते रहेंगे। ये नए बार्कस्टेड, ब्लैकवुड, स्पार्गो क्रीक और फिंगरपोस्ट क्षेत्रीय पार्क हैं, और ये हेपबर्न तथा मैसेडॉन क्षेत्रीय पार्कों के अतिरिक्त हैं।

इस पूरे ब्लॉक में स्थित अनेकानेक बुशलैंड अभ्यारण्यों (रिज़र्व) और ऐतिहासिक अभ्यारण्यों (रिज़र्व) में मनोरंजनात्मक पूर्वेक्षण के लिए अवसर उपलब्ध बने रहेंगे।

## माउंट कोल-पिरेनीस ब्लॉक

इस ब्लॉक में स्थित पिरेनीस (3,099 हेक्टेयर) और माउंट कोल (5,037 हेक्टेयर) समेत अन्य राजकीय वनों के महत्वपूर्ण क्षेत्रों को यथावत बनाए रखने से मनोरजंन के लिए अनेकानेक गतिविधियों के अवसर मिल पाएँगे, जिसमें मनोरंजनात्मक पूर्वेक्षण भी शामिल है।

पिरेनीस क्षेत्रीय पार्क, पर्सीडेल ऐतिहासिक अभ्यारण्य और पूरे ब्लॉक-भर में स्थित अनेकानेक बुशलैंड अभ्यारण्यों  में मनोरंजनात्मक पूर्वेक्षण के अवसर बने रहेंगे।

## इन परिवर्तनों के बारे में

ये परिवर्तन विक्टोरियाई पर्यावरण मूल्यांकन परिषद (वीईएसी) [Victorian Environmental Assessment Council (VEAC)] की मध्य पश्चिम जांच अंतिम रिपोर्ट (Central West Investigation Final Report) और इसकी अनुशंसाओं के प्रति विक्टोरिया सरकार की प्रतिक्रिया को प्रतिबिंबित करते हैं।

ये परिवर्तन हमारी बहुमूल्य पर्यावरणीय और जैव-विविधता संबंधी परिसंपत्तियों का संरक्षण करते हैं और एक संवहनीय संतुलन का निर्माण करते हैं, जिसका उद्देश्य भूमि के सभी उपयोगकर्ताओं की आवश्यकताओं को वर्तमान और भविष्य में पूरा करना है।

आप हमारी वेबसाइट पर सरकार की प्रतिक्रिया देख सकते/सकती हैं।

घरेलू जलाऊ लकड़ी के संग्रह के बारे में और अधिक जानकारी इस वेबसाइट पर उपलब्ध है: https://www.ffm.vic.gov.au/firewood/firewood-collection-in-your-region

यदि आपको समर्थन की आवश्यकता है, तो अनुवाद और भाषांतरण में सहायता के लिए कृपया Translating and Interpreting Service (TIS) से संपर्क करें। TIS National से 131 450 पर (ऑस्ट्रेलिया के अंदर) संपर्क करें या वेबसाइट www.tisnational.gov.au पर जाएँ।